मिसिल सं0 – 11011/4/2016–17/भाषा

Dr. Ranjit Singh, PhD (Human Rights)
JOINT SECRETARY (P & A)

सर्वे भवन्तु सुखिनः

राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग
मानव अधिकार भवन, सी–ब्लॉक, जीपीओ कम्पलेक्स, आईएनए, नई दिल्ली–110 023 भारत
NATIONAL HUMAN RIGHTS COMMISSION
Manav Adhikar Bhawan, C-Block, GPO Complex, INA
New Delhi-110 023 India

स0 कु0 (राजभाषा) 12/9/17

दिनांक : 06.09.2017

प्रिय प्रो० त्यागी

आपको विदित ही होगा कि भारत सरकार की राजभाषा नीति के अनुसरण में हिंदी के प्रचार–प्रसार के लिए राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग द्वारा **"महात्मा गांधी द्विवार्षिक हिन्दी लेखन पुरस्कार योजना"** चलाई जा रही है। इस योजना के अंतर्गत तीन पुरस्कार मौलिक लेखन हेतु तथा तीन पुरस्कार अन्य भारतीय भाषाओं तथा अंग्रेजी से हिन्दी में अनूदित कृतियों के लिए दिए जाते हैं। *आपके अवलोकन हेतु योजना का (वर्ष 2016–17) संक्षिप्त विवरण पत्र के साथ अलग से संलग्न किया जा रहा है।*

आयोग ने अपनी एक बैठक में यह निर्णय लिया गया कि उक्त योजना का व्यापक प्रचार–प्रसार करने हेतु सभी प्रमुख विश्वविद्यालयों के कुलपति/रजिस्ट्रार को इस संबंध में एक पत्र भेजा जाए जिसमें उनसे यह अनुरोध किया जाए कि आयोग की इस पुरस्कार योजना के संबंध में अपने विश्वविद्यालय के सभी डीन/विभागाध्यक्षों को एक परिपत्र जारी कर उन्हें अवगत कराने का कष्ट करें।

आशा है कि राष्ट्रीय महत्त्व के इस कार्य में आयोग को आपका सहयोग अवश्य प्राप्त होगा।

कुलपति कार्यालय
VC's OFFICE
डायरी संख्या / Diary No 5693
दिनांक / Date 12.09.17

कुलसचिव कार्यालय के लिए
For the Office of Registrar

आपका

(रणजीत सिंह)

R-6886
13/9/17

संलग्नक : यथोपरि

प्रतिष्ठा में,

Prof. Yogesh K. Tyagi
Vice Chancellor,
Delhi University, Maurice Nagar,
New Delhi, Delhi - 110007, India

राजभाषा प्रकोष्ठ / RAJBHASHA CELL
डायरी सं./Diary No. 676
दिनांक/Date 15/9/17

# दिल्ली विश्वविद्यालय UNIVERSITY OF DELHI
(राजभाषा प्रकोष्ठ RAJBHASHA CELL)

कमरा संख्या : 104, प्रथम तल, नया प्रशासनिक खंड, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली-110007 (दूरभाष: 011-27666269, एक्स नं.: 1225)
Room No.: 104, 1st Floor, New Administrative Block, University of Delhi, Delhi-110007 (Phone: 011-27666269, Ext. No.: 1225)


फाइल संख्या: आरबीसी/324/विविध(29)/2017/12896 दिनांक: 26/09/2017

## पृष्ठांकन

**विषय : राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग, नई दिल्ली की 'महात्मा गांधी द्विवार्षिक हिंदी लेखन पुरस्कार योजना' के संबंध में**

उपर्युक्त विषय पर संयुक्त सचिव(पी एंड ए), राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, मानव अधिकार भवन, ब्लॉक-सी, जी.पी.ओ. कॉम्प्लेक्स, आई.एन.ए., नई दिल्ली का दिनांक 06/09/2017 का संलग्न अ.शा.पत्र (मिसिल सं. : 11011/4/2016-17/भाषा) विश्वविद्यालय के सभी विभागों/अनुभागों/ कार्यालयों/केंद्रों आदि के प्रमुखों को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित है।

संलग्नक : यथोपरि

आनंद कु. सोनी
26/09/2017

(आनंद कुमार सोनी)
सहायक कुलसचिव (राजभाषा)

प्रति:

सभी विभाग/अनुभाग/कार्यालय/केंद्र प्रमुख द्वारा : सूचना पट्ट

## NATIONAL HUMAN RIGHTS COMMISSION

**Manav Adhikar Bhawan, Block –C, GPO Complex, INA, New Delhi – 110023**

### MAHATMA GANDHI BIENNIAL HINDI WRITING AWARD SCHEME
(YEAR – 2016-17)

National Human Rights Commission invites Hindi books/manuscripts (original or translated) under **"Mahatma Gandhi Biennial Hindi Writing Award Scheme on Human Rights"** in a bid to encourage creative writing in Hindi on various subjects pertaining to Human Rights. Total number of words in each book/manuscript should be at least 30,000. Last date for receiving the entries is **31st March, 2018.**

Under this scheme Three awards of ₹ 75,000/-, ₹ 50,000/- and ₹ 40,000/- will be given for I, II and III prizes, respectively, for writing books in Hindi and three awards of Rs. ₹ 50,000/-, ₹ 40,000/- and ₹ 30,000/- for I, II and III prizes respectively, for Hindi translation of standard books on Human Rights.

The details of the above scheme and application form can be downloaded from Commission's website www.nhrc.nic.in or obtained free of cost by post from the **Assistant Director, National Human Rights Commission, Manav Adhikar Bhawan, Block– C, GPO Complex, INA, New Delhi – 110023**

# राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग

मानव अधिकार भवन, ब्लॉक –सी, जी.पी.ओ. कॉम्प्लेक्स, आई.एन.ए.,
नई दिल्ली–110023

## महात्मा गांधी द्विवार्षिक हिन्दी लेखन पुरस्कार योजना

(वर्ष – 2016–17)

राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग, नई दिल्ली द्वारा मानव अधिकारों संबंधी विभिन्न विषयों पर हिंदी में सृजनात्मक लेखन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से "मानव अधिकारों पर महात्मा गांधी द्विवार्षिक हिन्दी लेखन पुरस्कार योजना" के अंतर्गत हिंदी में लिखी गई या हिंदी में अनूदित पुस्तकें/पांडुलिपियाँ आमंत्रित की जाती हैं। प्रत्येक पुस्तक/पांडुलिपि में शब्दों की संख्या कम से कम 30,000 निश्चित की गई है। प्रविष्टियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि **31 मार्च, 2018** निर्धारित की गई है।

इस योजना के अंतर्गत मूल रूप से हिन्दी में लिखी गई पुस्तकों/पांडुलिपियों के लिए प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार क्रमशः ₹ 75,000/–, ₹ 50,000/– और ₹ 40,000/– का तथा हिन्दी में अनूदित पुस्तकों/पांडुलिपियों के लिए प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार क्रमशः ₹ 50,000/–, ₹ 40,000/– और ₹ 30,000/– का दिया जाएगा।

पुरस्कार योजना की नियमावली तथा आवेदन पत्र सहायक निदेशक, राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग, मानव अधिकार भवन, ब्लॉक –सी, जी.पी.ओ. कॉम्प्लेक्स, आई.एन.ए., नई दिल्ली–110023 से डाक द्वारा निःशुल्क मंगवाया जा सकता है अथवा इसे आयोग की बेवसाइट www.nhrc.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है।